भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 812

26 जून, 2019 को उत्तर के लिए

टक्कर-रोधी तकनीक वाले विमान

812. डॉ. रमापति राम त्रिपाठी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का वीवीआईपी विमानों को टक्कर-रोधी तकनीक से लैस करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार का निकट भविष्य में अन्य विमानों में भी उक्त तकनीक का उपयोग करने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख) भारतीय वायु सेना के बोइंग बिजनेस जेट (बीबीजे) एवं एम्ब्रेयर 135 लिगेसी 600 जेट विमान वीवीआईपी हवाई-यात्रा के लिए उपयोग किए जाते हैं । ये दोनों ही विमान टक्कर-रोधी तकनीक से युक्त हैं ।

(ग) और (घ) टक्कर-रोधी तकनीक आकलित आवश्यकता के आधार पर लगाई जाती है । इसके अलावा, ब्यौरों की जानकारी प्रदान नहीं की जा सकती क्योंकि ऐसा किया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतिकूल होगा ।

****